एकल योग आरोग्य योजना

EKAL YOGA AROGYA YOJANA

Plot No. 8, 1st Floor, Local Shopping Complex, Okhla Industrial Area, Phase – II, New Delhi-110020

Ph: 8882516444, 8076562942

पत्रक संख्या : EYAY/2020/09 दिनांक : 09.08.2020

प्रतिष्ठा में,

डॉ. राम अवतार (संस्कारी योग गुरु),

संस्थापक अध्यक्ष- प्रेम सुख इंटरनेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट,

82, त्रिवेणी अप्पार्टमेंट, पश्चिम एन्क्लेव, पीतमपुरा,

न्यू दिल्ली-110034

विषय:- एकल योग आरोग्य योजना में जुड़ने हेतु धन्यवाद पत्र ।

प्रिय डॉ. राम अवतार जी,

हमारे देश भारत को देवभूमि कहा गया | देवशक्तियों ने इस राष्ट्र को दो महान धरोहरें प्रदान की थीं, पहला उच्च चरित्र और दूसरा स्वस्थ्य जीवन | काल प्रवाह में ये दोनों ही संकट में हैं | ऋषि शक्तियाँ एवं अन्य जागरूक आत्माएँ देश के गिरते चरित्र और बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर अत्यधिक चिन्तित हैं | आजादी के बाद भौतिक दृष्टि से समृद्धि के अनेक सोपान चढ़ने के बाद भी हमारा देश निःसन्देह स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत पिछड़ गया है |

इस चुनौती को स्वीकार करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के अनुषंगिक 'आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया' के अंतर्गत " एकल योग आरोग्य योजना' का श्रीगणेश किया गया है | आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी की देश भर में एक लाख दो हज़ार एकल विद्यालयों एवं तीन लाख गाँवों में योग, संस्कार, शिक्षा, साक्षरता एवं खेल का आलोक बिखेरा जा रहा है | एकल योग आरोग्य योजना का संकल्प है कि भारतीय प्राच्य विद्या, 'योग' के माध्यम से देशवासियों को उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करके एक सुस्वस्थ राष्ट्र का निर्माण किया जाए | साथ ही शिक्षा व विद्या के प्रसार के जरिए उच्च चरित्र निर्माण के लक्ष्य को पूर्ण किया जाए |

आपको यह सूचित करते हुए हमें हर्ष है कि "एकल योग आरोग्य योजना" के व्यवस्थापक मंडल द्वारा, आध्यात्मिक एवं सामाजिक सेवा क्षेत्र तथा योग, संस्कार, हर्बल, खेल एवं प्रशासनिक कार्य गतिविधियों में आपके दीर्घकालीन राष्ट्रीय अनुभवों के दृष्टिगत, आपको एकल योग आरोग्य योजना के 'पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष' के पद पर नामित किया गया है | हमारे विभिन्न राष्ट्रीय अभियानों में उच्चभावनात्मक एवं सक्रिय सहयोग के लिए आपको हार्दिक साधुवाद प्रेषित करते हैं और आशा करते हैं कि एकल योग आरोग्य योजना को भी आपका सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा | हम आपके आभारी होंगे |

मंगलकामनाओं के साथ...

भवदीय

जयप्रकाश शर्मा
राष्ट्रीय सचिव

(डॉ जतिन दास)
राष्ट्रीय महासचिव

ADMIN OFFICE NO: G-39 ROHINI KINGS MALL, SECTOR 10, ROHINI, DELHI-110085, INDIA
PH:011 -45660567 WWW.EKALAROGYA.ORG EMAIL: SANSKARIYOGGURURAMAVTAR@ GMAIL.COM

Scanned with CamScanner